# राजकीय नर्सिंग कॉलेज हल्द्वानी, रामपुर रोड हल्द्वानी, नैनीताल।

Tel:05946-234399 E-mail-nursingcollegehld@gmail.com


राजकीय नर्सिंग कॉलेज हल्द्वानी हेतु बाहय प्रवक्ता की आवश्यकता हेतु वॉक-इन-इन्टरव्यू

चिकित्सा शिक्षा विभागान्तर्गत संचालित होने वाले राजकीय नर्सिंग कॉलेज हल्द्वानी में नर्सिंग पाठयक्रम के छात्र-छात्राओं को बायोकैमिस्ट्री विषय के निर्धारित घंटों के अनुसार अध्यापन कार्य हेतु बाहय प्रवक्ता (External Faculty) के रुप में कार्य करने हेतु Walk-in-Interview माह-नवम्बर 2025 में दिनॉक 03 नवम्बर 2025 को प्रातः 11:00 बजे से आयोजित किया जाएगा।

इच्छुक अभ्यर्थी अपना स्वलिखित बायोडाटा एवं मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्रों सहित निर्धारित तिथि एवं समय पर राजकीय नर्सिंग कॉलेज हल्द्वानी में उपस्थित होवें। विस्तृत जानकारी राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी की वेबसाईट-WWW.https://gmchld.org पर उपलब्ध है।

प्राचार्या

राजकीय नर्सिंग कॉलेज हल्द्वानी।

# राजकीय नर्सिंग कॉलेज हल्द्वानी
## बाह्य प्रवक्ता पद हेतु महत्वपूर्ण निर्देश–

राजकीय नर्सिंग कॉलेज हल्द्वानी में बाह्य प्रवक्ता के निम्न विषय के पद पर वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से नियुक्ति की जानी है।

| क्र0 सं0 | पदनाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | प्रवक्ता बायोकैमिस्ट्री | 01 |

- उपरोक्त पद वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से भरे जाएंगे।
- उपरोक्त पद नितांत अस्थायी एवं कार्य समाप्ति तक ही माने जाएंगे।
- उपरोक्त पद हेतु कोई भी अभ्यर्थी नियमित नियुक्ति हेतु दावा पेश नहीं करेगा।
- चयनित अभ्यर्थी को राजकीय नर्सिंग कॉलेज हल्द्वानी के विभागाध्यक्ष/सम्बन्धित कक्षा कॉर्डिनेटर द्वारा समय–समय पर समयसारणी ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम से प्रस्तुत की जाएगी जिस हेतु सम्बन्धित बाह्य प्रवक्ता को उक्त तिथि को उक्त समयानुसार पठन–पाठन हेतु उपस्थित होना होगा।
- उक्त पद हेतु आवेदनकर्ता को विज्ञापन में निर्धारित की गयी तिथियों में अपने मूल दस्तावेजों यथा– हाईस्कूल अंकतालिका, प्रमाण पत्र, इण्टरमीडिएट अंकतालिका, प्रमाण पत्र, स्नातक उपाधि, सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर की उपाधि, स्थायी निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र, आधार कार्ड/पैन कार्ड/वोटर कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/ राशन कार्ड में से कोई एक(पहचान हेतु) एवं सम्बन्धित विषयों में कार्यअनुभव प्रमाण पत्र इत्यादि मूल में एवं दो सैट स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ राजकीय नर्सिंग कॉलेज हल्द्वानी में निर्धारित समयानुसार उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे, निर्धारित तिथियों के पश्चात् किसी भी प्रकार का आवेदन नहीं लिया जाएगा।
- उपरोक्त पद की शैक्षिक अर्हता सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर अनिवार्य है।
- पी0एच0डी0, नैट एवं नर्सिंग कॉलेजों में अध्यापन के अनुभवी इत्यादि अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।
- संबंधित विषय में पठन–पाठन निर्धारित घंटों के मानकानुसार ही प्रतिवादन 600.00 रू देय होगा।
- उपरोक्त विषय में बाह्य प्रवक्ता हेतु निर्धारित घंटों की समयावधि निर्धारित की गयी है जिसका विवरण निम्नानुसार है–

| क्र0 सं0 | पदनाम | निर्धारित घण्टे | निर्धारित मानदेय |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रवक्ता बायोकैमिस्ट्री | 40 | 600/–प्रतिवादन/प्रतिघण्टा |

27/01/2025

प्राचार्या
राजकीय नर्सिंग कॉलेज हल्द्वानी